

# ।। रामकथा–रामलीला ।।

## साम्प्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता एवं विश्व संदर्भ

- 'रामकथा' युगो-युगों से जन-जन की वाणी में अनवरत प्रवाहित होती रही है। कभी लोकगीतों में लोक गाथाओं में तो कभी 'रामायण' जैसे कालजयी महाकाव्य के रूप में। अकेले दक्षिण भारत की प्रमुख बोलियों में ३०० रामायण लिखी जा चुकी है और इनका कालखण्ड भी 11वीं-12वीं शताब्दी से प्रारम्भ होता है जब प्रशासनिक रूप से भारत केवल कुतुबमीनार के आसपास था परन्तु भारत की संस्कृति, जो राम पर आधारित है वह बिना किसी प्रशासनिक ढांचे के उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम सभी कोनों को एक किये हुए थी।
- रामलीला महाकवि तुलसीदास द्वारा 16वीं शताब्दी में रामचरित मानस को आधार ग्रन्थ मानकर जन-जन की भागीदार से प्रारम्भ की गयी। रामलीला में संगीत, साहित्य, कला, आध्यात्म, संस्कृति के सभी रूप उच्चतम स्तर पर प्राप्त होते हैं।

- रामकथा एक सांस्कृतिक परम्परा है।
- 'संस्कृति' को जीवन पद्धति भी कहा जा सकता है। इस अर्थ में 'राम' का आदर्श हमारे जीवन जीने के आदर्श से जुड़ता है।
- 'राम' आध्यात्म एवं संस्कृति के मध्य स्थापित है।
- यही कारण है कि राम वनवासी भी हैं तो उनका वैश्विक सन्दर्भ भी है।
- 'रामलीला' नाटक नहीं है और नाटकों के माध्यम से रामलीलाएं नहीं हो सकती।
- 'रामलीला' का साधारण सा अर्थ है कि ब्रम्ह (राम), अभिनय (लीला) कर रहे हैं। रामलीला के सभी पात्र अभिनेता की श्रेणी से ऊपर उठकर ब्रम्ह की लीला से जुड़ते हैं और इसीलिए दर्शकों को हर श्रेणी की रामलीला में एक जैसा रसास्वादन प्राप्त होता है, शर्त यह है कि आप उस श्रेणी के दर्शक हों।





- रामलीलाओं के मंचन में महाकवि तुलसीदास ने एक विशेष मंच बनाया था, जिसमें दर्शक मध्य में तथा उत्तर की ओर अयोध्या मंच, दक्षिण की ओर लंका मंच, पूर्व की ओर ज्ञान मंच तथा पश्चिम की ओर विशिष्ट अतिथि मंच था।

- रामलीलाएं साम्प्रदायिक सद्भाव की अनूठी मिशाल हैं जो भारत की सांस्कृतिक एकता की मजबूती का सबसे प्रबल उदाहरण है। यह हिन्दू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिशाल है।
- दिल्ली में ही जहाँ दशहरे के शुभ अवसर पर 300 करोड़ का व्यापार रामलीलाओं पर आधारित होता है, इसमें से आधी धनराशि मुस्लिम परिवारों को प्राप्त होती है, जिनके द्वारा सभी मुकुट, मुखौटे एवं पुतलों का निर्माण किया जाता है।
- उत्तर प्रदेश के उरई जिले के कोंच में जिस मुस्लिम मोहल्ले में रामलीला होती है वहाँ के सभी मुस्लिम भाई मिलकर रामलीला पर आने वाला समस्त व्यय वहन करते हैं।
- लखनऊ के बख्शी के तालाब की रामलीला में यादव परिवार के लोग रावण एवं उसके परिवार के लोगों का अभिनय करते हैं जबकि मुस्लिम परिवार के लोग राम तथा उनके परिवार का अभिनय करते हैं। ईद एवं दशहरा लगभग एक साथ पड़ते हैं तब अजान के समय राम-लक्ष्मण धनुष बाण रखकर पहले नमाज पढ़ते हैं फिर रामलीला करते हैं।
- रामलीला में उर्दू भाषा का भी बहुत योगदान है।
- जौनपुर में भी यही मिसाल मिलती है।








- आज दीपावली कार्पोरेट सेक्टर से जुड़ गयी है। दीपावली के समय कितनी कारें बिकी, कितने टन सोना बिका, इसके आंकड़े महत्व रखते हैं। देश के 50 प्रतिशत गरीब, जो प्रतिदिन 20 रूपये से भी कम प्राप्त करते है उनकी दीवाली कैसे बीतती है?कोई नही जानता।
- होली शरीफों से दूर हो गयी है। हम होरियारों की तरह घर से निकलने में डरते हैं।
- पर रामलीलाएं आज भी भारत के उन 85 प्रतिशत गरीबों के द्वारा न केवल मंचित की जाती हैं अपितु इसमें पूरा गांव उत्सव की तरह भागीदारी करता है। अगर सीता विवाह का प्रसंग है तो एक गांव के लोग बाराती हैं तो दूसरे गांव के लोग घराती। घराती गांव के सभी लोग बाराती गांव के लोगों के साथ भोजन करते हैं। इसका समस्त व्यय घराती गांव के लोग अपनी लड़की की शादी की तरह करते हैं।
- भारत की इस जीवन्त परम्परा को आप क्या कहेंगे?


निज़ाम
बैण्ड
बैण्ड
रथ






- रामलीलाओं ने स्वतंत्रता संग्राम में भी योगदान किया है। स्वयं लक्ष्मीबाई ने रामलीला में अभिनय कर अंग्रेजों के विरूद्ध जन-जागरण का कार्य किया था। यही कारण रहा होगा कि आज कानपुर और उसके आसपास लगभग 100 से अधिक मण्डलियां जीवन्त मैदानी रामलीलाएं करती हैं। कानपुर में रावण की मण्डी भी लगती है जिसमें पचास रूपये से लेकर पचास हजार रूपये तक के रावण मिल जाते हैं।
- इलाहाबाद तो क्रान्तिकारी आन्दोलनों का गढ़ रहा है। 1921 में सरकारी दस्तावेजों में अंग्रेजी हुकूमत की झुझलाहट देखी जा सकती है। जानसेनगंज चौराहे पर रामलीला चौकी पर उपस्थित भीड़ इसका स्वत: प्रमाण है।


जहां कुमति









Report about political chowkies in Ram Lila of 1921 at Allahabad.

22

----------

(1) On the 8th of October 1921 in the D[illegible]aganj, Ramlila there were 16 chowkies in the procession. Two of them were political. One represented Bharat Mata(Mother India) and carried pictures of Mahatma Gandhi and Lokmanya Tilak. The other represented a boy plying a spinning wheel. Ram Lal a blind man of Muthiganj also took part in the procession with a party in a carriage. They sang national songs. ~~They sang national songs~~. An example is: "Jallianwala and Rae Bareli ki golion se bharange jholi, khake goli machine gune ki, bajake danka swaraj lenge, anyay Government ka sath nahin denge."

(2) On the 9th of October in the Colonelganj Ramlila there were 12 chokies. Swadeshi cloth was conspicuous in the procession. Of the 12 chowkies 6 were political. Of the latter the first, placed on a bullcok cart represneted 4 men selling swadeshi cloth, and advising every customer to buy it. There was a man in European dress, in the Chowki, watching the ruin of the British textile trade in India. The second chowki on a bullcok cart represented a boy plying a spinning wheel. It was decorated with miniature photos of Indian leaders. The third represented a boy using a hand loom. It was decorated with pictures of Mrs. Sarojini Naidu, Lala Lajpat Rai and Tilak, and on a sign-board was written, "British piece goods destroyed the textile trade of India and it is sin to buy British cloth." The 4th chowki represented several men attempting to sell British piece goods, and customers refusing to buy them. These chowkies were organised by the Congress Committee under the management of Pt. Mohan Lal Nehru. The 5th chowki represented Bharat Mata and one Hindu and one Muhammadan boy were standing side by side in friendly attitude to suggest Hindu-Muhammadan unity. It was started by Surajdin Kalwar.

(2)

23

The 6th represented Mahatama Gandhi plying the spinning wheel and Bharat Mata blessing him by placing a hand on his shoulder. The party of Ram Lal was also in the procession, singing the same national songs.

3. On the 10th of October 1921 in the Khattri Ramlila, procession there were 26 chowkies. Both Swadeshi and foreign cloth was used. There were 5 political chowkies. The first consisted of a charcoal brazier, into which boys were throwing ~~foreign~~ rags of foreign cloth, and burning them and repeating the words, "Lanchashire soha, Manchester soha." The second chowki on a thela represented ~~the plying~~ 4 men plying a spinning wheel and another man beating a drunkard. These two chowkies were organised by Gur Narain Khanna, Pt. Kashi Nath Bajpai and others.

The 3rd chowki represented a man selling swadeshi cloth and the fourth represented a man plying the spinning wheel. These two chowkies were organised by Badri Baqal and Manna Singh, Ekka wala of Khuldabad.

The 5th chowki represented a co-operator quarrelling with a non-cooperator and a European official watching the fun. The co-operator carried a sign-board on which was written "Khushamadi tattu" and the non-cooperator carried a sign-board on which was written "Kattar asahayogi". This chowki was organised by Ram Abatar Varma of Khushalparbat.

Mahant Sohan Singh of Pakki Sangat Yahiapur, started a chowki of Guru Nanak. It was followed by a party carrying naked swords, spears and lathis and accompanied by sign boards on which were written "chirion se Baz toraon, tab Gobind Singh nam Kahaon" "Sawa lakh se ek laraon tab Gobind Singh nam kahaon.

The party of Ram Lal of Muthiganj took part in the procession and sang national songs in chorus.

4. On the 11th of October 1921 both the Khatri and the Agarwala processions of Ram Chandraji took place. The former contained a number of political tableaux, and the latter was kept free of politics owing to the firmness and

determination of the leaders. Both Swadeshi and foreign cloth was used by both parties. There were 30 chowkies in the Khatri procession. In addition to those of the previous day the following were introduced. (1) On a platform two men were conspicuous selling large quantities of garha cloth. (2) On another chowki, 3 boys were lying blood stained and bandaged, and one man, Amar Nath Brhahman of Lukerganj in European dress, carrying sword and bhujali in his belt, and holding a whip in his hand, stood and repeated that he would fire till his ammunition is exhausted. On a Board was written "deed of murderous Dyer" (Hatyare Dyer ke kartoot). (3) A 3rd chowki represented Shankracharya and the Ali brothers in three cells with boards hung in front, on which their names were written and another board at the back with the superscription, "we shall bear gladly whatever difficulty may befall us, and for the sake of the country we shall go to jail smilingly" These chowkies were organised by Gur Narain Khanna, Pt. Kashi Nath Bajpai and others. (4) A 4th chowki represented Sri Krishnaji and Arjun standing face to face, and Sri Krishnaji saying to Arjun that Mahatma Gandhi is his incarnation. A photo of Mahatma Gandhi was hung on the chowki. This was made up by Bisheshwar and Sureshwar Khatri of Khushalparbat. On the 5th chowki a large photo of Lkomanya Tilak was placed. It belonged to Shyama Brahman and some Khatris of Manohar Dass' Katra.

The 6th chowki represented a European standing in front of a charkha. It carried a sign board on which was written, "Bideshi ko bhagao, Swadeshi ka jay manao" It was organised by Tilak Ashram, Allahabad.

(5)The Agarwala Party had 36 chowkies. Two or three chowkis pushed themselves in in front of it. On this Babu Damodar Das Sahib, who led the procession, stopped his men, and waited until they had gone on some distance ahead. Of these three political chokis one consisted of 3 boys standing.. A piece of paper was hung from the neck



of one of them on which was written "Section 144, zaban bandi." A lock stopped his mouth, suspended by chains from the ears. Two other boys were in shackles, and carried sign-boards, indicating that they are political prisioners.

6. The above account is abstracted from the report of the City Kotwal. But its perusal is apt to create the impression that the processions were mainly a political demonstration. This is not so. The ordinary tableaux of the Heroes, and Sitaji, Rawan, Hanuman, and the gods were more conspicuous than these political squibs.

7. It is doubtful whether it is worth while to interfere with them. There has always been a great deal of license connected with popular festivals. It is not possible for Government to do much to control it, at any rate until there is a strong backing of public opinion. Government can of course stop the processions, or, what will probably amount to the same thing, order the leaders to take out a license for each tableau, or themselves to license each tableau. But I doubt if the leaders would agree to do this. I consulted the Agarwalas, and they suggested that I should pass this order for the Khattris and others, who had offended, but not for them, who had not offended.

This year again the Agarwalas succeeded in keeping politics out of their procession. I have no doubt that, if consulted, they would again suggest that the other processions should be licensed, and that they should be left free in recognition of their success. This is reasonable enough, but I fear that the result would be that the political tableaux would be forced into their procession.

8. The S.P. made the point that it is incongruous for the Police to assist the passage of a procession,

which contains tableaux, that are intended to spread disaffection towards Government or to make it ridiculous. In the absence of Hindu-Muhammadan excitement, I am not sure that it is necessary for the Police to assist or to regulate the procession at all; if the management were left to the promoters, and their procession were to find its way blocked, or to get out of control, and an appeal made to the authorities for help, then an opportunity would be provided for making and enforcing stricter regulations.

9. The Ram lila is a great popular tamasha, but a Deputy Collector of standing and experience, whom I consulted in the matter, said that he had never yet witnessed a Ramlila procession, and that the whole business was too contemptible and unimportant to worry about. It is well to remember that there is this point of view. On the other hand the Kotwal says that the introduction of these political chowkis is 'haramzadgi' and should be put a stop to.

10. I showed this to the Supdt. of Police, and send you a copy of his reply. On the whole I think that it is inadvisable to interfere before the event. If any particularly outrageous chowkis are produced, I suggest that the Police should be instructed to ascertain who are responsible for them, and these persons can then be prosecuted, if the chowkis constitute a breach of the law.

Sd/- K. K. Knox.
18-3-1922.

- रामलीलाओं ने भारत की सीमा को पारकर विश्व के प्रत्येक देश में विस्तार प्राप्त किया है तो इसके भी कुछ कारण रहे हैं —

1. जीवन आदर्श के सांस्कृतिक मूलक जिन्हें दुनिया का प्रत्येक मानव एवं समाज पाना चाहता है, भले ही प्राप्त न कर सके।
2. पति-पत्नी, भाई-भाई, राजा-प्रजा, पिता-पुत्र के आदर्श सम्बंधों में तमाम विरोधाभाषों में भी राम के जीवन मूल्य की तलाश
3. निर्बल, असहाय, कमजोर, सताया हुआ मानव मन, चिंता की भांति अशोक वाटिका में कैद होता है, तो सोने की लंका में अट्टहास करता रावण युद्ध रथ पर बैठकर उसकी निराशा को बढ़ा देता है, ऐसे भी धर्म रथ पर बैठकर 'राम' ही उसके तारणहार हैं।



Model Of Ravana Installed In The British Library's Pearson Gallery (London)









नगर, वर्ष 74, अंक 232, 16 पेज+6 पेज रीमिक्स, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य 6.00

# हिन्दुस्तान

नई दिल्ली, आश्विन, शुक्ल पक्ष, एकादशी, विक्रम सम्वत् 2066, मंगलवार, 29 सितंबर 2009

## दशहरे की झलकियां

### दिल्ली

| | |
|---|---|
| 300 | कुल रामलीला कमेटियां |
| 20 | रामलीलाएं बड़े बजट वाली |
| 280 | रामलीलाएं छोटी |
| 300 | करोड़ दस दिन का कारोबार |
| 10 | लाख दर्शक प्रतिदिन औसत |

मिलावटबाजी का पुतला फूंका : रामलीला कमेटी इंद्रप्रस्थ विस्तार

### फरीदाबाद

- सबसे ऊंचा रावण : 90 फुट
- पिछले वर्ष 80 फुट का था
- 5 जगहों पर हुआ रावण दहन
- ट्रैफिक डायवर्ट में लगे रहे 90 जवान और 700 वालंटियर्स
- भीड़ : करीब 4 लाख लोगों ने देखा रावण दहन

### नोएडा

- सबसे ऊंचा रावण : 75 फुट
- रामलीला कमेटियां : 18
- बड़े बजट वाली कमेटियां : 4
- छोटे बजट की कमेटियां : 14
- करीब 2 लाख दर्शक प्रतिदिन

### गाजियाबाद

- सबसे ऊंचा रावण : 52 फुट
- रामलीला कमेटियां : 19
- बड़ी कमेटियां : 3
- प्रति दिन दर्शक : करीब 1 लाख

## डोली भूमि गिरत दसकंधर। छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर॥*



दिल्ली के एक रामलीला मैदान में धू-धू कर जलता बुराई का प्रतीक रावण।

* रावण के गिरते ही पृथ्वी हिल गई। समुद्र-नदियां, दिशाओं के हाथी और पर्वत क्षुब्ध हो उठे।

समुझि राम प्रताप कपि कोपा।
सभा माझ पन करि पद रोपा॥

आज की स्पेशल कवरेज केंद्रित है ऐसे आर्टिस्टों पर जो पीढ़ी दर पीढ़ी पूरे सेवा भाव से जुटे हैं रामलीला के मंचन में। एनबीटी के दो पेजों की कवरेज में हैं आपके लिए रामलीला के चटख रंग।

# पीढ़ियां, परिवार... राम के नाम

## रामलीला के समय छोड़ देते हैं बाकी काम

NBT नवभारत टाइम्स

NDTV इंडिया

NBT दशहरा दर्पण

मनीष अग्रवाल ॥ नई दिल्ली

दिल्ली में चल रही 900 से अधिक रामलीलाओं में ऐसे कई परिवार हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी राम भक्ति से जुड़ते चले आ रहे हैं। 10,000 से भी अधिक परिवार रामलीला आयोजनों से किसी न किसी रूप में जुड़े हुए हैं। इन लोगों का कहना है कि रामलीला शुरू होने से काफी दिन पहले इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। नौकरी कर रहे कई लोग छुट्टी लेकर इसमें शामिल होते हैं। ऐसे लोगों को खुशी है कि किसी न किसी रूप में उन्हें राम की सेवा करने का अवसर मिल रहा है।

श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष सुखबीर सरन अग्रवाल बताते हैं कि वह बचपन से ही रामलीलाओं से जुड़े हुए हैं और अब तक इसे बखूबी निभा रहे हैं। उनके बेटे अशोक भी इस काम को 1988 से अंजाम दे रहे हैं। लाल किला मैदान में होने वाली लवकुश लीला के पदाधिकारी अशोक का कहना है कि मैं तो भगवान की सेवा में लगा ही हूं, अब मेरे बच्चे भी राम की भक्ति में आ गए हैं। इसी लीला के मंत्री अर्जुन कुमार का कहना है कि रामलीला के दिनों में मेरा पूरा परिवार इसी काम में जुटा रहता है। बेटा राजन गुप्ता इंटरनेट का काम संभालता है। जिसके माध्यम से लवकुश लीला को ग्लोबल स्तर पर लाइव देखा जा रहा है। यहां के वॉलंटियर राजू का कहना है कि वह काफी सालों से इस जिम्मेवारी को संभाल रहे हैं। उन्हें इसमें आनंद आता है।

> **NDTV इंडिया**
> दोपहर 2:00 बजे की खास कवरेज में देखें
> हाई-टेक हो रही रामलीला

आसफ अली रोड रामलीला मैदान में हो रही रामलीला कमिटी के संरक्षक और सांसद जे. पी. अग्रवाल का कहना है कि दिल्ली की यह सबसे पुरानी रामलीला है। बचपन से ही वह इससे जुड़े रहे हैं और अब भी वह इस काम को बखूबी निभाते हैं। राजनीति का काम होने के साथ-साथ वह राम की सेवा करना कभी नहीं भूलते और इससे उन्हें नई ऊर्जा भी मिलती है। उनका परिवार भी पूरा सहयोग देता है।

यमुनापार आईपी एक्सटेंशन की लीला के प्रधान सुरेश बिंदल का कहना है कि वह बचपन में रामलीला में वॉलंटियर का काम करते थे। धीरे-धीरे उनकी आस्था जागती गई और अब वह अलग से ही रामलीला कराते हैं। लालकिला मैदान में होने वाली नव श्री धार्मिक लीला से जुड़े अनिल कुमार गुप्ता बताते हैं कि अब हमारी यह तीसरी पीढ़ी है जो लीला से जुड़ी है। वह साल भर इस रामलीला के सारे सामान को अपने एक घर में रखने की जिम्मेवारी भी संभालते हैं।

इसी लीला के बारे में जगमोहन गोटेवाले का कहना है कि एक बार कोई भी रामलीला के आयोजन से जुड़ जाए तो फिर उसके परिवार का कोई भी सदस्य इस सेवा को करने से विमुख नहीं होना चाहेगा। अशोक विहार फेज-1 की लीला के बारे में महेंद्र नागपाल का कहना है कि भगवान की जितनी सेवा हो सके उतना ही कम है। इस काम को करने में कभी थकान नही होती।

रामलीला से जुड़े ऐसे ही लाफ्टर मूमेंट

# यहां उठती है गंगा-जमुनी तहजीब की खुशबू

सुशील श्रीवास्तव

अम्बेडकरनगर, 16 सितम्बर : ये अनूठी परम्परा है, जिसमें गंगा जमुनी संस्कृति की झलक दिखाई पड़ती है। सदियों से निभाई जा रही परम्परा में आज भी वो कशिश बाकी है, जो सदियों पहले थी। यही वजह है कि परम्परा का निर्वहन करने के लिए विश्व प्रसिद्ध दरगाह किछौछा में अगहन मास में लाखों की भीड़ इकट्ठा होती है।

सदियों पहले दो महान सूफी संतों का अभ्युदय हुआ था, जिनके आस्ताने पर आज भी लाखों लोग मत्था टेक कर दुआएं मांगते हैं। एक है किछौछा की महान सूफी संत हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी की दरगाह तो दूसरा है प्रसिद्ध संत गोविन्द बाबा की समाधि, दोनों स्थलों में कुछ किलोमीटर की दूरी है। इन महापुरुषों ने सदियों पूर्व एक परम्परा डाली गयी थी जो आज भी वैसी तरह निभाई जाती है। अगहन मास में इस परम्परा का आगाज होता है। अगहन मास में दीपावली के दिन हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी की दरगाह पर मेला चालीस दिनों तक चलता है। दीपावली के दिन दरगाह को दीयों से सजाया जाता है। इस कार्य में हिन्दू व मुस्लिम दोनों धर्मों के लोग शरीक होते हैं। इसके बाद यहां होती है मेले की शुरुआत, जो चालीसवें दिन गोविन्द दशमी को समाप्त होती है। मेले के दौरान जो भी श्रद्धालु यहां आते हैं वे चालीसवें दिन दरगाह के नीर शरीफ में स्नान करते हैं और वहीं से भीगे कपड़ों के साथ बाबा गोविन्द साहब की समाधि को प्रस्थान कर जाते हैं, जहां गोविन्द सरोवर में वे श्रद्धालु स्नान करते हैं और इसी के साथ गोविन्द साहब की समाधि पर लगने वाला मेला प्रारम्भ हो जाता है।

एक और परम्परा इन दोनों महान संतों की समाधिस्थल से जुड़ी है जो बताती है कि किस कदर गंगा-जमुनी संस्कृति की जड़ें यहां गहरे तक पैबस्त हैं। हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी की दरगाह पर जो चढ़ावा चढ़ता है, उसका एक हिस्सा साल में एक दिन गोविन्द साहब की समाधि को भेजा जाता है, जिसमें मांड़ा व हलुआ होता है, जिसे प्रसाद के तौर पर वितरित किया जाता है। इसी तरह गोविन्द साहब की समाधि पर चढ़ने वाला चढ़ावा खिचड़ी भेंट के तौर पर दरगाह किछौछा भेजा जाता है। दरगाह में गोविन्द साहब की समाधि से आयी खिचड़ी को बनाकर प्रसाद के तौर पर दरगाह में बांटा जाता है।

## अगहनिया मेले की तैयारी शुरू

अम्बेडकरनगर : अगले माह से विश्व प्रसिद्ध दरगाह किछौछा में अगहनिया मेले की शुरुआत हो जायेगी। इस दौरान यहां लाखों श्रद्धालु इकट्ठा होंगे। हर वर्ष मेले की व्यवस्था का जिम्मा दरगाह किछौछा की इंतजामिया कमेटी करती थी, किन्तु इस बार कमेटी को भंग कर दिया गया है, जिससे दरगाह की व्यवस्था का कार्य खासा प्रभावित हो रहा है।

# स्वर्णिम इतिहास : आजादी की लड़ाई में भी फूंका था बिगुल

विजय द्विवेदी

बहराइच, 16 सितम्बर : शक्ति अर्जन व प्रदर्शन की आंधी के बीच बहराइच की रामलीला अपनी विशिष्टता बनाए हुए है। रामलीला का मंचन एक शताब्दी से अधिक पुराना है। जिले के इतिहास में ही नहीं अपितु भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के इतिहास में भी यहां की राम लीला खास अहमियत रखती है। नमक कानून तोड़ने से लेकर विदेशी वस्तुओं को जलाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था जिसका श्रेय महात्मा गांधी को जाता है। लीला के मंचन के माध्यम से राम लीला कमेटी ने परतन्त्रता के विरुद्ध संघर्ष की शक्ति को विकसित करने का प्रयास किया, जो आज लोगों के बीच सामूहिक उल्लास के बीच मौजूद है।



विशिष्ट अंदाज में होती है बहराइच की रामलीला

वक्त के बदलाव के साथ ही राम लीला का मंचन भी काफी कुछ बदला है। मंच की व्यवस्था पात्रों के परिधान और संगीत ही नहीं वरन संवादों में भी नए जमाने के बयार में रंग भरा है। जहां पहले नाव नेवरिया भरी दर्शकों, श्रद्धालुओं के बीच जब सरयू नदी में चलती थी तो रोशनी आदि की व्यवस्था पर्याप्त नहीं थी परन्तु अब सुन्दर झिलमिलाती लाइटों के बीच संगीत सुर की लहरी के साथ चकाचौंध भर देने वाली नाव-नेवरिया आज के युवा मन को आकर्षित करती है। पात्रों के अभिनय और संवाद की शैली में भी चुटीलापन आया है और ये रोचक बन गए हैं। खास तौर से नए तर्ज की आतिशबाजी और हर साल रावण के पुतले की बढ़ती ऊंचाई ने लोगों का मन मोहा है। शक्ति पूजा के बढ़ते प्रचार में आज भी बहराइच के रामलीला का भरत मिलाप व राजगद्दी की विशिष्टता कायम है। रामलीला के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 1929 में महात्मा गांधी का बहराइच में आगमन हुआ था। इस आगमन के बाद मई 1930 को घंटाघर के प्रांगण में देश से अंग्रेजों को भगाने के लिए विभिन्न जनजागरण कार्यक्रमों की रूपरेखा बनी थी जिसमें राम लीला कमेटी को भी स्वतन्त्रता संग्राम की लड़ाई में एकता स्थापित करने के लिए जोड़ा गया था जिसका उद्देश्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कथा और लीला से समाज में चेतना, एकता तथा गुलामी में संघर्ष की शक्ति विकसित करना था। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी रहे पं.भगवानदीन वैद्य, राज्यपाल रहे सरदार जोगेन्दर सिंह, बलदेव प्रसाद मिश्र व पराग दत्त आदि ने राम लीला के माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष की कमान संभाली थी। हालांकि रामलीला की परम्परा यहां तो आदि काल से चली आ रही है। परन्तु राम लीला को वर्ष 1905 में संगठित रूप से धार दिया गया। बकायदा वर्ष 1956-57 में राम लीला कमेटी का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। राजभवनों के घर से बाहर निकल कर आयी राम लीला पहले छावनी स्थित संतोष अग्रवाल के घर के सामने वाले मैदान में होता था। बाद में राम लीला को राजा बलरामपुर के सहयोग से सरयू नदी के तट पर प्राचीन मंदिरों के मध्य खुले मैदान में मंचन किया जाने लगा। तभी से यहीं राम लीला का मंचन हो रहा है। समय के प्रवाह तथा परिवर्तन चक्र की गति के साथ ही राम लीला में परिवर्तन और परिवर्धन होता गया। नए सदस्य, कलाकार जुड़ते गए, भव्यता बढ़ती गयी। आज इसके पास अपार सम्पत्ति है। इधर वालीवुड की चकाचौंध ने दर्शकों में इन कलाओं के प्रति बेरुखी बना दिया। ऐसे हालात में राम लीला हिचकोले खाने लगी। भारी भीड़ दुर्गा पाण्डालों में जुटने लगी। इन परिस्थितियों में भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम राम लीला कमेटी बहराइच राम लीला को जीवंत बनाए हुए हैं। कमेटी के अध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल कहते हैं कि समाज में आए परिवर्तन से कलाकारों को मंच पर लाना बेहद कठिन काम है फिर भी हमने हर साल लीला का मंचन बेहतर करने का प्रयास किया है।

# ध्वनि प्रकाश प्रभावों से निखरेगी लीला

लखनऊ, 19 सितम्बर (संसू.): पंतनगर कालोनी की रामलीला इस बार नये स्वरूप में भगवान श्रीराम की मनोहारी लीला का मंचन करेगी। ध्वनि प्रकाश के प्रभाव के सहयोग से लीला में और निखार आयेगा। यहां की लीला की शुरू से ही यह विशेषता रही है कि मंच सज्जा, वेशभूषा, अभिनय के अलावा संगीत पक्ष भी अत्यंत मजबूत होता है। साथ ही प्रतिदिन का आकर्षण किसी प्रसंग विशेष की झांकी होती है।




लीला का आयोजन पंतनगर सांस्कृतिक समिति द्वारा कालोनी में स्थित रामलीला मैदान में पिछले करीब 22 वर्षों से किया जा रहा है। इस बार लीला का मंचन 23 से 28 सितम्बर होगा। लीला शुद्ध खड़ी बोली, कुमाऊंनी व अवधी भाषा में प्रस्तुत की जाती है। संवाद के अलावा लीला के बीच-बीच में पात्रों द्वारा गाये जाने वाले गीत विभिन्न शास्त्रीय रागों साथ ही लोक धुनों पर आधारित होते हैं। कलाकार संवाद शुद्ध खड़ी बोली में बोलते हैं। कहीं-कहीं बृज और अवधी का मिश्रण सुनने का मिलता है।

समिति के प्रचार मंत्री कैलाश चन्द्र बिनवाल ने बताया कि समिति का प्रयास रहता है कि हर बार नये कलाकारों को मौका मिले। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार पात्रों में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि राम वनगमन, केवट लीला, लंका दहन, लक्ष्मण शक्ति में संजीवनी बूटी लाने का दृश्य ध्वनि व प्रकाश के सहयोग से मंचित किया जायेगा। इस बार लीला में गोस्वामी तुलसीदास की विनय पत्रिका और गीता वली के रागों और प्रसंगों को लिया गया है।

लीला में लगे सभी कलाकार कालोनी के ही निवासी हैं। जो सेवा भाव से निःशुल्क रामलीला के प्रति समर्पित रहते हैं। बिनवाल ने बताया कि यहां जगह के अभाव में रावण दहन व दशहरा मेला नहीं लगता है दस दिन भगवान श्रीराम की विजय शोभा यात्रा निकलती है और रात्रि में राज्याभिषेक व पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होता है। इन दिनों मंच पर भास्कर जोशी के निर्देशन में पूर्वाभ्यास चल रहा है।

सद्भावना | राम-रहीम के रंग में रंगी रामलीला

# सलमान बनते राम, नदीम लक्ष्मण और नसीम रावण

लखनऊ। एक ओर जहां समाज में धार्मिक विद्वेष बढ़ रहा है, वहीं राम-रहीम के रंग में रंगी बख्शी का तालाब के गांव कुम्हरावां की रामलीला सबके लिए मिसाल पेश कर रही है। बीस सदस्यीय इस समिति में करीब आधा दर्जन मुसलमान रामलीला के किरदार निभा रहे हैं। इसमें राम का रोल सलमान करते हैं तो लक्ष्मण नदीम और रावण नसीम बनते हैं। इस रामलीला को वर्ष 2000 में राष्ट्रपति द्वारा लासादेवी शांति पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

**मिसाल**

**वर्ष 2000 में मिला लासादेवी शांति पुरस्कार**

जरयांओं के कारीगरों के इस गांव के पूर्व प्रधान विदेशपाल यादव बताते हैं इस ऐतिहासिक रामलीला की शुरुआत वर्ष 1972 में तत्कालीन प्रधान मैकूलाल यादव और ख्याति प्राप्त चिकित्सक डा. मुजफ्फर हुसैन ने सामूहिक रूप से की थी। इस आयोजन में रामलीला समिति के पदाधिकारी डा. मंसूर अहमद, हाकिम रजा शादाब, आबिद अली और शहजाद अहमद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, सलमान खान-राम, नदीम-लक्ष्मण, मो. साबिर-राजा दशरथ, नसीम खां-रावण, अरबाज खान-कुश की भूमिका पूरे मनोयोग से निभाते हैं। इसके अलावा शेर खान द्वारा रामलीला से जुड़े कई पात्रों को बड़ी सजीदगी के साथ निभाया जाता है। सालों से चली आ रही परंपरा के अनुसार रमजान में रामलीला के हिंदू और मुस्लिम कलाकार मंच


सलमान खान


नदीम


अरबाज खान


नसीम खां

पर एक साथ बैठकर रोजा अफ्तार करते हैं तो नवरात्रि का फलाहार भी साथ ही किया जाता है। मुस्लिम कलाकारों का कहना है उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें रामलीला के पात्रों की भूमिका निभाने का मौका मिलता है। हम हर साल बड़ी बेसब्री से रामलीला का इंतजार करते हैं। रामलीला का सारा खर्चा ग्राम पंचायत और नई बाजार के व्यापारियों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा रात में जो कृष्णलीला या नाटक होते हैं वे भी रामलीला मंचन कमेटी और मुस्लिम कलाकारों द्वारा ही किया जाता है।

# दशहरा में परवान चढ़ी लखनऊ की गंगा-जमुनी संस्कृति

## शेर खान में दिखी राम की सादगी तो नसीम ने लगाया रावण का अट्टहास

[illegible]

[illegible]

शेष पृष्ठ 14 पर



रामलीला का मंचन करने वाले कलाकार को सम्मानित करते उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष

## रावण का पुतला फूँक मनाया जश्न

हिन्दुस्तान संवाद गोसाईंगंज

[illegible]

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष [illegible] सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

15

# युद्ध रूपक

रावनु रथी बिरथ रघुबीरा । देखि बिभीषन भयउ अधीरा।।

अधिक प्रीति मन भा संदेहा। बंदि चरन कह सहित सनेहा।।

नाथ न रथ नहिं तन पदत्रना। केहि बिधि जितब बीर बलवाना।।

सुनहु सखा कह कृपानिधाना। जेहिं जय होइ सो स्यंदन आना।।

सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका।।

बल बिबेक दम परहित घोरे। छमा कृपा समजा रजु जोरे।।

ईस भजनु सारथी सुजाना । बिरति चर्म संतोष कृपाना।।

दान परसु बुधि सक्ति प्रचंडा । बर बिग्यान कठिन कोदंडा।।

अमल अचल मन त्रोन समाना। सम जम नियम सिलीमुख नाना।।

कवच अभेद बिप्र गुर पूजा । येहि सम बिजय उपाय न दूजा।।

सखा धर्ममय अस रथ जाकें । जीतन कहँ कतहुँ रिपु ताकें।।

दो०- महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर।
जाके अस रथ होई दृढ़ सुनहु सखा मतिधीर।।

| मानव मन | धर्म रथ |
|---|---|
| सौरज, धीरज | पहिये/चक्र |
| सत्य, शील | ध्वज, पताका |
| बल, विवके, दम, परहित | घोड़े |
| क्षमा, कृपा, समता | रस्सी |
| ईश्वर भजन | सारथी |
| विरति | चर्म |
| संतोष | कृपाणा |
| दान | फरसा |
| बुद्धि | शक्ति |
| वर-विज्ञान | श्रेष्ठ ज्ञान (धनुष) |
| अमल, अचल, मन | तरकश |
| समजम नियम | तीर |
| विप्र गुरूपूजा | अभेद कवच |

# MAP OF RAMA'S ITINERARY, WHILE ON EXILE FROM AYODHYA TO RAMESHWARAM





जहं-जहं चरण पड़े रघुवर के
भारत– श्रीराम के यात्रा स्थल
भारत
श्रीराम
वन गमन स्थल
शोधकर्ता : डॉ. रामअवतार शर्मा
डिज़ाइन एवं मानचित्रकार: डा० देवेन्द्र सिंह कौशल
प्रकाशक :
श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास
बी-945 एम.आई.जी. फ्लैट, चित्रकूट
ईस्ट ऑफ लोनी रोड, दिल्ली-110093
फोन : 011-65134378 मो. : 9868364356
अफग़ानिस्तान
पाकिस्तान
चीन
तिब्बत
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
म्यांमार
जम्मू और काश्मीर
हिमाचल प्रदेश
पंजाब
हरियाणा
उत्तरांचल
उत्तर प्रदेश
राजस्थान
गुजरात
मध्य प्रदेश
बिहार
झारखण्ड
पश्चिम बंगाल
छत्तीसगढ़
उड़ीसा
महाराष्ट्र
आन्ध्र प्रदेश
कर्नाटक
तमिल नाडु
केरल
असम
अरुणाचल प्रदेश
मेघालय
नागालैंड
मणिपुर
मिज़ोरम
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
हिन्द महासागर
श्रीलंका
संकेत
समान पैमाने पर नहीं है।
जय श्री राम